महत्वपूर्ण एवं खास

वैक्सिन मटेरियल सप्लाई के नाम पर लाखों की ठगी

रायपुर(आरएनएस)। राजधानी के एक कारोबारी से 95 लाख रुपये की ठगी हो गई है। कारोबारी को एक फ र्मा कंपनी ने वैक्सीन बनाने के मटेरियल खरीदने का झांसा दिया। कारोबारी को फ र्मा कंपनी ने एक सप्लायर का नंबर दिया, जिससे खरीदकर उन्हें मैटेरियल सप्लाई करना था। कारोबारी झांसे में आ गए। उन्होंने मैटेरियल खरीदने के लिए सप्लायर को 95 लाख रुपये दे दिए, लेकिन उन्हें माल नहीं मिला। फ र्मा कंपनी वाले फोन नंबर बंद का गायब हो गए। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने बताया कि रितेश जायसवाल का आरके एंड सन के नाम से कारोबार है। उनके पास पिछले साल एसीआइसी फार्मास्यूटिकल कंपनी के महिला अधिकारी का फोन आया। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी जानवरों का वैक्सीन बनाती है और वैक्सीन के लिए मैटेरियल चीन से आता है।

चेक में फ र्जीवाड़ा कर लाखों हड़पे, निजी स्कूल के कर्मियों पर केस

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ रायपुर की राजधानी रायपुर के निजी स्कूल में काम करने वाले दो कर्मचारियों ने चेक में फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपये का गबन कर लिया। मामला खुलने के बाद प्राचार्य ने कर्मचारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराया है। टिकरापारा थाना में डी. लक्ष्मी राव ने विद्या निकेतन स्कूल के दो कर्मचारी मुन्ना सिंह और अमित कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया है। डी. लक्ष्मी राव ने पूर्व में अलग-अलग प्रकाशन के नाम से चेक जारी किए थे। इन चेक में रकम बढ़ाकर आरोपितों ने बैंक कर्मियों की मिलीभगत से बड़ी रकम निकलवा लिया। इस तरह दोनों ने मिलकर पांच लाख 92 हजार रुपये की धोखाधड़ी की।

बोरपदर का प्रभारी प्राचार्य गबन के आरोप में सस्पेंड

जगदलपुर (आरएनएस)। बकावंड ब्लाक के बोरपदर में कई प्रकार की गड़बडिय़ों के मामले में तत्कालीन प्राचार्य एवं व्याख्याता संजय देवांगन को निलंबित कर दिया गया है, अब वह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न रहेंगे। वर्तमान में देवांगन खेल विभाग में पदस्थ थे इनके खिलाफ कई अनियमितताएं सामने आई थी जिसके परिपेक्ष में यह आदेश संचालनालय रायपुर द्वारा 21 फरवरी को जारी किया गया है और यहां पत्र 28 फरवरी को संयुक्त संचालक कार्यालय में पहुंचा है। शिक्षा विभाग के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर, जगदलपुर छ.ग. के पत्र दिनांक 03.01. 2022 द्वारा संजय देवांगन, तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य शा.उ.मा.वि. वोरपदर (मूल पद व्याख्याता एल.बी.) वर्तमान में सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण जिला बस्तर के विरुद्ध गवन एवं वित्तीय अनियमितता की गंभीर शिकायत प्राप्त होने एवं जांच में शिकायत की पुष्टी होने के कारण संजय देवांगन को छ0ग0 सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम 9 के अनुक्रम में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। व्याख्याता संजय देवांगन, का मुख्यालय निलंबन अवधि में जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर में नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

पुसौर, कापू और धरमजयगढ़ में हुए ऑनलाइन ठगी के 3 मामलों में जामताड़ा गिरोह सहित अन्य गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

- सीएसपी योगेश पटेल के नेतृत्व में टीम ने झारखंड के देवघर और जामताड़ा जिले में दबिश देकर तीनों आरोपियों को किसा गिरफ्तार
- गिरफ्तार तीन आरोपियों से नकदी व 7 मोबाइल जब्त,
- ऑनलाइन ट्राजेक्शन, केवाईसी अपडेट में मदद के बहाने डाउनलोड कराते हैं मोबाइल पर ऐप और उडा लेते हैं बैंक खातों से रुपए

रायगढ़। रायगढ़ के संवेदनशील एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले के कुशल मार्गदर्शन पर सीएसपी योगेश कुमार पटेल के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम द्वारा जिले के तीन थाने क्रमश: धरमजयगढ़, पुसौर और कापू में घटित हुये जिनमें रायगढ़ पुलिस उपलब्ध संसाधनों का बखूबी प्रयोग कर आरोपियों को दीगर राज्य झारखंड के जामताड़ा और देवघर से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है। पुलिस टीम द्वारा झारखंड में सक्रिय 3 गिरोह के 6 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा थाना कापू एवं धरमजयगढ़ मामले के 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया है, जिनसे नकदी 46,500 रूपये तथा 7 मोबाइलों की जप्ती की गई है। पुसौर थानाक्षेत्र के मामले के 3 आरोपी को जामताड़ा पुलिस साइबर थाने के मामले में ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया, जिन्हें शीघ्र पुसौर पुलिस प्रोडक्शन वारंट जारी कर आरोपियों को रायगढ़ लाया जावेगा। घटित अपराधों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है –

(1) थाना धरमजयगढ़ अप.क्र. 248/2021 धारा 420 IPC के मामले में धरमजयगढ़ निवासी अनुज गोयल ऑनलाइन रूपये ट्रांजेक्शन के लिये एस.बी.आई. यूनो ऐप डाउनलोड कर अन्य के खाते में रूपये ट्रांजेक्शन कराना चाहा ऐप पर मोबाइल नम्बर ऐड नहीं कर पाने से गुगल में कस्टमर केयर नम्बर सर्च कर कॉल किया जो फ्राड गिरोह के सदस्यों द्वारा रिसीव कर अनुज गोयल को मदद का भरोसा दिलाकर उसके मोबाइल में ऐप डाउन लोड कराकर दो बार में 9,50,000 रूपये आहरण कर लिये।

(2) थाना पुसौर के अप.क्र. 68/2022 धारा 420 IPC के मामले में NTPC LARA के कर्मचारी पोषण लाल बघेल उम्र 55 वर्ष के मोबाइल पर अज्ञात कॉलर द्वारा दिनांक 31/01/2022 को बीएसएनएल ऑफिस से बोल रहा हूँ कहकर केवाईसी अपडेट के नाम पर केवाईसी सपोर्ट नामक एप्लीकेशन डाउनलोड कर 10 रूपये का SBINET BANKING के द्वारा ट्रांजेक्शन करवाया जिसके बाद पोषण लाल बघेल के खाते से कई बार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से 4,18,000 रूपये आरोपी द्वारा आहरण कर लिया गया।

(3) थाना कापू के अप.क्र. 30/2022 धारा 420 IPC में मोबाइल दुकान चलाने वाले बनवारी दास महंत द्वारा दिनांक को रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21.02.2022 को अरविंद चौहान को 1500 रू. Phone pe किया था जो इसके मोबाइल पर Success दिखाया पर अरविंद चौहान के खाते में नहीं गया। तब बनवारी दिनांक 26.02.2022 को Phone pe, Customer Care को फोन किया था। उधर फ्राड गिरोह के सदस्य Phone pe में जो पैसा फांसा है उसे वापस लेने के लिये बनवारी के मोबाइल पर Any Desk लोड करवाकर बनवारी के खाते से 3,93,683 रू निकाल लिये।

कापू थाना मामले के गिरफ्तार आरोपी – (1) अताउल अंसारी पिता हनिफ मिंया उम्र 37 साल (2) सरफराज अंसारी पिता मोहम्द शहादत हुसैन उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कपसा थाना सारठ जिला देवघर झारखंड अपने मेमोरंडम बयान पर बताये कि बेरोजगार हैं, ऑनलाइन ठगी का कार्य करते हैं। दिनांक 26.02.2022 को कस्टमर केयर बनकर मोबाइल धारक 8435505996 (बनवारी दास महंत, कापू) को कॉल कर Any Desk ऐप मोबाइल पर डाउनलोड कराकर देवघर से मोबाइल धारक के मोबाइल को ऑपरेट कर अलग-अलग किस्त में 3,93,683 रूपये निकाले। अताउल 180000 रूपये तथा सरफराज 2,13,683 रूपये हिस्सा लिये। दोनों घरेलू काम और खाने-पीने में काफी रकम खर्च करना बताये। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 10,000-10,000 रूपये एवं दोनों के दो मोबाइल एवं 3 सिम की जप्ती की गई है।

धरमजयगढ़ थाना के गिरफ्तार आरोपी – गुड्डू अंसारी पिता मंजूर अंसारी उम्र 25 सालनिवासी बनगढ़ी थाना फतेहपुर जिला जामताड़ा (झारखंड) अपने मेमोरेंडम बयान पर बताया कि अपने कुछ दोस्तो के साथ मिलकर ऑनलाइन ठगी का काम करता है। दिनांक 25.11.2021 को अपने तीन दोस्त- मुईनुद्दीन ग्राम खुटोजारी, आशिक अंसारी खुटोजोरी डोंगरिया और सादिक अंसारी ग्राम खुटोजोरी बाराटोली के साथ मिलकर अपने हैंडसेट से मोबाइल नम्बर 9131058226 के धारक (अनुज गोयल धरमजयगढ़) को गुगल ऐप के माध्यम से कस्टमर केयर बनकर कॉल किये मोबाइल धारक झांसे में आ गया जिसका फायदा उठाकर दो बार में 9.5 लाख रूपये अपने बनाये दो खातों में ट्रांसफर किया। उसके बाद कई लोगों के PayTM पर रूपये ट्रांसफर कर निकाल लिये। रूपये को चार हिस्से में बांटे, आरोपी गुड्डू अंसारी 2 लाख रूपये हिस्से में पाना बताया और मुईनुद्दीन 2 लाख, आशिक अंसारी 3 लाख, सादिक अंसारी 2.5 लाख रूपये लेना बताया। आरोपी आरोपी गुड्डू अंसारी से नकद 26,500 रूपये और एक मोबाइल की जप्ती की गई है। आरेपी द्वारा अपने हिस्से के दो लाख रूपये में कुछ रूपए घरेलू खर्च और खाने-पीने में खर्च करना बताया। आरोपी के तीनों साथी फरार है।

पुसौर थाने के अप.क्र. 68/2022 धारा 420 IPC मामले में हिरासत में लिये गये आरोपी (1) राजेन्द्र मंडल पिता गुलु मंडल उम्र 22 वर्ष (2) सूरज मंडल पिता ईश्वर मंडल उम्र 25 (3) मुकुल कुमार पिता हरि मंडल उम्र 21 वर्ष सभी निवासी रामपुर माधोपुर थाना फरमाण्ड जिला जामताड़ा (झारखंड) पूछताछ में पुलिस टीम को बताये कि इनका गिरोह लोगों को मैसेज भेजकर या कस्टमर केयर बनकर KYC अपलोड करने Play Stor से उनके मोबाइल पर Team Veiwer डाउनलोड करने के बाद 10 रूपये का रिचार्ज करने पर ATM कार्ड का विवरण प्राप्त कर रूपये अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते हैं। तीनों आरोपियों द्वारा दिनांक 31/01/2022 को बीएसएनएल कस्टमर केयर बनकर केवाईसी अपडेट के नाम पर ऑनलाइन ठगी कर 4,18,000 रूपये प्राप्त करना स्वीकार किये। आरोपियों को जामताड़ा पुलिस द्वारा साइबर थाने के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

गिरफ्तार आरोपी-

(1) अताउल अंसारी पिता हनिफ मिंया उम्र 37 साल ग्राम कपसा थाना सारठ जिला देवघर (झारखंड)

(2) सरफराज अंसारी पिता मोहम्द शहादत हुसैन उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कपसा थाना सारठ जिला देवघर (झारखंड)

(3) गुड्डू अंसारी पिता मंजूर अंसारी उम्र 25 सालनिवासी बनगढ़ी थाना फतेहपुर जिला जामताड़ा (झारखंड)

जप्ती – तीनों आरोपियों से नकद 46500 रूपये, 7 मोबाइल सिम लगा हुआ तथा 2 सिम अलग से।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर सीएसपी योगेश कुमार पटेल के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल थाना प्रभारी कापू ए.के.बेक, उप निरीक्षक आर.एस. तिवारी थाना पुसौर, प्रधान आरक्षक उमाशंकर धृतांत थाना धरमजयगढ़, आरक्षक धनंजय कश्यप, प्रशांत पंडा साबइर सेल, आरक्षक दिनेश गोंड थाना पुसौर, आरक्षक सुकदेव साय थाना कापू एवं महिला आरक्षक अम्ब्रेसिया टोप्पो थाना धरमजयगढ़ की आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में अहम भूमिका रही है।

बरमकेला पुलिस ने की बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश : 4 आरोपियों से चोरी की 9 बाइक बरामद

- आरोपियों से करीब 6.50 लाख रुपए की 9 दुपहिया जब्त, आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। पिछले दिनों कोसीर पुलिस द्वारा सारंगढ़ थाना क्षेत्र के शातिर बाइक चोर को चोरी की बाइक लेकर घूमते हुये पकड़ा गया था, जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल को क्षेत्र में सक्रिय बाइक चोर गिरोह का पता लगाकर चोरी की बाइक कहां खपाते हैं, पतासाजी करने का निर्देश दिया गया था।

निर्देशों पर थाना, चौकी प्रभारीगण क्षेत्र में मोटरसाइकिल की चोरियों पर अंकुश लगाने संदिग्ध व्यक्तियों एवं पूर्व चोरियों में संलिप्त आरोपियों पर मुखबिर एवं स्टाफ के जरिये निगाह रखी जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 05/03/2022 के शाम बरमकेला थाना प्रभारी निरीक्षक एल.पी. पटेल को मुखबिर से सूचना मिला कि दो लड़के एक लाल रंग की होंडा युगा मोटरसाइकिल को बेचने के लिए इंदिरा चौक बरमकेला के पास ग्राहक तलाश रहे हैं जिस पर पुलिस द्वारा ग्राहक बनकर दोनों लड़कों से पहले पूछताछ किया गया बाद में चोरी की बाइक होने के पूर्ण संदेह पर दोनों लड़कों को थाना लाया गया। दोनों अपना नाम अशोक सारथी, आलोक सारथी निवासी कोड़ापारा बरमकेला के रहने वाले बताये। आरोपियों ने होंडा युगा बाइक को चोरी की होना बताये जिनसे पूर्व चोरियों के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर बरमकेला, सरिया, सारंगढ़, पुसौर एवं आसपास के क्षेत्र में पिछले एक दो माह के भीतर 09 बाइक चुरा कर पुसौर के अजय साव और सूरज साव के पास बेचना बताये। दोनों के मेमोरेंडम बयान के बाद अजय साव और सूरज साव को हिरासत में लिया गया जिन्होंने चोरी की बाइक को आसपास के क्षेत्र में खपाना स्वीकार किये हैं। आरोपियों के मेमोरेंडम पर कुल 9 दुपहिया कीमती ₹6,50,000 का बरामद किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध इस्तगासा धारा 41(1+4) CrPC/379IPC, 411 IPC की कार्यवाही कर आरोपियों के गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर आरोपियों को आज JMFC सारंगढ़ न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

गिरफ्तार आरोपी – (1) अशोक सारथी पिता जयप्रकाश सारथी उम्र 21 वर्ष (2) आलोक सारथी पिता जयप्रकाश सारथी उम्र 19 वर्ष निवासी कोड़ापारा बरमकेला (3) अजय साव पिता गोवर्धन साव उम्र 27 वर्ष ओड़ेकेरा थाना पुसौर (4) सूरज साव पिता रामलाल उम्र 26 वर्ष निवासी उमरिया थाना पुसौर।

आरोपियों की पतासाजी एवं माल मशरुका की बरामदगी में टी.आई. बरमकेला एल.पी. पटेल के साथ प्रधान शंभू पांडे, कुंवर टोप्पो, आरक्षक नंदकुमार चौहान दिनेश चौहान मीन केतन पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

राज्यपाल सुउइके ने किसान-मजदूरों की बेटी को डॉक्टर बनाने वाले युवोदय अकादमी के शिक्षकों को किया सम्मानित

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुअनुसुईया उइके ने आज युवोदय अकादमी के शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने इस दौरान युवोदय अकादमी के कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी भी ली।

कलेक्टर रजत बंसल ने राज्यपाल सुउइके को बताया कि नीट जैसी कठिन परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कोरोना के कारण आई समस्या को दूर करने के लिए युवोदय एकेडमी की स्थापना करते हुए शासकीय शिक्षकों के माध्यम से तैयारी को निर्बाध रखा गया।

राज्यपाल सुउइके ने बच्चों की शिक्षा को जारी रखने के लिए की गई इस पहल की सराहना की। बच्चों को कोचिंग देने वाले शिक्षक अलेक्जेंडर एम. चेरियन, निवास राव, मनीष श्रीवास्तव एवं संजीव बिस्वास को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु आज राज्यपाल सुउइके ने सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि युवोदय अकादमी से कोचिंग लेकर नीट परीक्षा क्वालीफाई कर 32 विद्यार्थियों ने बस्तर का नाम रोशन किया है। कुछ बच्चों ने नर्सिंग, फार्मेसी, वेटेनरी की परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त की है। यूवोदय अकादमी सरकारी शिक्षकों द्वारा संचालित राज्य ही नहीं देश का पहला नवाचार है। युवोदय अकादमी द्वारा बनाए गए नोट्स एवं वीडियो पूरे देश में देखा जा रहा है और पसंद किया जा रहा है।

इस अवसर पर बस्तर संभाग कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी पी सुंदरराज, कलेक्टर रजत बंसल, एसपी जितेंद्र मीणा, अपर कलेक्टर अरविंद इक्का, एसडीएम दिनेश नाग एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली में सम्मानित की जाएंगी प्रमिला देवांगन

- वैक्सीनेशन महाभियान में 500 से अधिक लोगों को लगाया था टीका
- अब तक 42,000 लोगों को लगा चुकी हैं कोविड टीका

रायगढ़। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को दिल्ली के इंटरनेशनल हॉस्टल में विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नेशनल इस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर मुनिरिमा इसके आयोजक है। छत्तीसगढ़ से दो महिलाओं -- कवर्धा की पिंकी खरे और रायगढ़ की प्रमिला देवांगन -- का चयन किया गया है।

प्रमिला देवांगन किरोड़ीमलनगर प्राथिमक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में एएनएम के पद पर कार्यरत है। कोविड टीकाकरण के दौरान उन्होंने उल्लेखीय कार्य किया था जिसके कारण उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। कोविड वैक्सीनेशन को शत-प्रतिशत प्राप्त करने वाले शुरुआती जिलों में से एक रायगढ़ प्रमिला जैसे वैक्सीनेटर के कारण यह उपलब्धि हासिल कर पाया है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रमिला अभी तक 42,000 से अधिक लोगों को कोविड का टीका लगा चुकी है।

बीते साल जुलाई माह में जिला प्रशासन के कोविड टीकाकरण महाअभियान में अधिक से अधिक लोगों को टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया था। इस मुहिम में किरोड़ीमलनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रमिला ने बाजी मारी। उन्होंने वैक्सिनेशन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया था। दो बच्चों की परवरिश और मरीजों के तीमारदारी की जवाबदारी प्रमिला बखूबी निभा रही है। एक साथ दोनों अहम कार्यों को संभालने वाली प्रमिला को अब जाकर उसके मेहनत का सम्मान मिला है। अपने दूधमुंहे बच्चों की परवाह न कर 18 घण्टे में रिकार्डतोड़ 568 लोगों का अकेले ही टीकाकरण किया था। यही नहीं सुबह 4 बजे से लेकर रात 10 बजे तक वैक्सिनेशन के साथ साथ वह 17 सब सेंटरों को वैक्सीन भी उपलब्ध करवा रही थी। वह वैक्सीन लगाने के साथ ही कोल्ड चैन हैंडलर भी थी।

महाअभियान में एएनएम प्रमिला के कार्यों ने आम लोगों के अलावा प्रशासन का भी ध्यान आकृष्ट किया था। प्रमिला के इसी मेहनत को राष्ट्रीय स्तर पर शाबाशी मिली है।

बहुत कुछ सिखा गया कोरोनाकाल

प्रमिला बताती हैं, "वैक्सीन का प्रबंधन और उसकी देखभाल के अलावा वैक्सीन भी लगाती हूं। स्टाफ की कमी के कारण अपने पीएचसी में वैक्सीनेटर का काम किया। पीएससी किरोड़ीमलनगर में लोगों की तादात ज्यादा है। जब कोविड वैक्सीनेशन चल रहा था तब सेंटर पर दबाव था लेकिन हमने बेहतर प्रदर्शन किया। वैक्सीन की उपलब्धता और साथियों के सहयोग से मैंने अपना काम ईमानदारी से किया। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।कोरोनाकाल हमेशा से लिए बहुत सी नई चीजों को सिखा गया।"

विश्व ग्लूकोमा सप्ताह शुरू : पीएसची, सीएचसी और जिला अस्पताल में कराएं निशुल्क आंखो की जांच

- सीएमएचओ कार्यालय में ग्लूकोमा के मरीजों की पहचान के लिए हुआ वर्कशॉप
- ग्लूकोमा से अपनी दृष्टि बचाएं, समय रहते जांच कराएं : डॉ. मीणा पटेल

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में एवं जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ.एस एन केसरी के निर्देश पर विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 6 मार्च से 12 मार्च तक मनाया जा रहा है। इसके लिए जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों की कार्यशाला बीते दिनों सीएमएचओ कार्यालय के सभागार में हुई।

इसमें राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं अल्प दृष्टि कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ.मीना पटेल ने बताया कि ग्लूकोमा में एक बिंदु ब्लाइंड स्पॉट की शुरुआत कैसे होती है और यह रेटिना के अन्य जगहों पर बनते हुए एक परिधीय वृत्त का रूप ले लेती है जिससे हमारी केंद्रीय दृष्टि तो बची रहती है पर परिधीय दृष्टि खत्म हो जाता है। इससे हमें बीच की दृष्टि से ठीक दिखता है जिसके कारण हमें इस बीमारी का पता समय पर नहीं चल पाता और समय के साथ-साथ यह बीमारी और भी गंभीर होती जाती है। जिससे खोई हुई दृष्टि पुनः प्राप्त नहीं होती अपितु बची हुई दृष्टि को दवाइयों एवं ऑपरेशन के माध्यम से स्थिर रखा जा सकता है इसलिए समय-समय पर आंखों की डॉक्टरी जांच करा कर ग्लूकोमा की प्रारंभिक अवस्था में ही इसका उपचार ले लेना चाहिए।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार ने बताया कि संभावित ग्लूकोमा के मरीजों की सूची समय पर उपलब्ध कराएं जिससे हितग्राही को समय पर लाभ प्राप्त हो सके। वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी अर्जुन मेहरा ने सभी नेत्र सहायक अधिकारियों से आग्रह किया कि 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का प्रेस बायोपिक चश्मा जांच कर एवं प्रेस बायपिक चश्मा देखकर इस अभियान को सफल बनाएं। कार्यक्रम में अंधत्व निवारण के सहायक नोडल अधिकारी राजेश आचार्य, नेत्र सहायक और सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

क्या है ग्लूकोमा- आंखो पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव की वजह से यह बीमारी होती है। यह ऐसी ऐसी बीमारी है जिसमें आंखों के अंदर के पानी का दबाव धीरे-धीरे बढ़ जाता है और आंख की नस सूखने लगती है। इससे देखने में परेशानी होने लगती है या दिखना बंद भी हो सकती है। यह स्थिति बहुत खतरनाक है क्योंकि नस सूखने से होने वाली दृष्टिहीनता का कोई इलाज संभव नहीं है।

ये है ग्लूकोमा के लक्षण- सिर में खासतौर पर शाम को दर्द रहना, दृष्टि का दायरा सिकुड़ना यानी सीधा देखते हुए अगल-बगल की चीजों का दिखाई न देना, पढ़ने के चश्मे का नंबर जल्दी-जल्दी बढ़ना, प्रकाश के इर्द-गिर्द प्रभामंडल दिखना और लाल आंखे ग्लूकोमा के लक्षण हैं।

40 साल के बाद सभी कराएं नेत्र परीक्षण- डॉ.मीना पटेल ने बताया, "आंखो में दवा डालना ग्लूकोमा का सबसे आरंभिक इलाज है। अन्य उपचारों में लेजर उपचार या ऑपरेशन कराना भी शामिल है। ग्लूकोमा का इलाज जीवनभर कराना होता है और नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहना होता है। चालीस वर्ष की उम्र के बाद प्रत्येक व्यक्ति को हर साल नेत्र विशेषज्ञ से अपनी आंखों की जांच विशेष रूप से ग्लूकोमा के लिए कराना चाहिए। नजदीकी प्राथमिकी स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल में भी इसकी जांच कराई जा सकती है।"

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480